# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** आज दिनाँक 23.08.2024 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद में चल रही उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्र 1.जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय 2. सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलेज सीतापुर 3.गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडी पुलिया 4. गंगा प्रसाद इण्टर कॉलेज 5. चित्रकूट इण्टर कॉलेज 6. राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्मचारीगण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किय़ा गया।
भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर श्री सौरभ यादव, पुलिस केन्द्र प्रभारी व पीआरओ श्री प्रदीप कुमार पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(2).** आज दिनाँक 23.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में उ0नि0 एलआईयू श्री शिव सागर तिवारी के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 23.08.2024 से प्रारम्भ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत जनपद के सभी 06 परीक्षा केंद्रों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कालेज सीतापुर को स्थलीय भ्रमण कर सघन चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 23.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में उ0नि0 एलआईयू श्री शिव सागर तिवारी के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 23.08.2024 से प्रारम्भ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत जनपद के सभी 06 परीक्षा केंद्रों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इण्टर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ी पुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इण्टर कालेज सीतापुर को स्थलीय भ्रमण कर सघन चेकिंग की गयी।

**(4).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 23.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के

बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(5).** आज दिनाँक 23.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(6).** आज दिनाँक 22.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस ने मारपीट कर मृत्यु कारित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 22/23.08.2024 की रात्रि में वादी श्री प्रेमचन्द्र पुत्र बेटा प्रसाद रैकवार निवासी कर्वी माफी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि विजय रैदास पुत्र शम्भू निवासी सगवारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट ने शराब के नशे में खाना खाने को लेकर हुये विवाद में मेरी पुत्री सपना से सिर में फावड़े के बेंत से वार कर दिया जिससे मेरी पुत्री की मृत्यु हो गयी । इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 541/2024 धारा 105 बीएनएस बनाम विजय रैदास उपरोक्त पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तार एवं मुकदमे की विवेचना उ0नि0 श्री अंशुल कुमार को निर्देशित किया गया। आज दिनाँक 23.08.2024 उ0नि0 श्री अंशुल कुमार एवं उनके हमराही द्वारा अभियुक्त विजय रैदास उपरोक्त को आलाकत्ल बेंत के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

विजय रैदास पुत्र शम्भू निवासी सगवारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट

**बरामदगीः-**

आलाकत्ल फावड़े का बेंत

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अंशुल कुमार थाना कोतवाली कर्वी
2.आरक्षी नीतू द्विवेदी

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनिल कुमार तथा उनके हमराही आरक्षी संजय यादव द्वारा मु0नं0 7533/2022 धारा 323,504 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त राकेश उर्फ गुड्डा रैकवार पुत्र कुंजबिहारी रैकवार निवासी सरायं तलैया कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(9). आज दिनाँक 23.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा द्वितीय पाली की चल रही उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सुचितापूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्र 1.जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य राजकीय दिव्यांग विश्वविद्यालय 2. सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलेज सीतापुर 3. गंगा प्रसाद इण्टर कॉलेज 4.राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।
भ्रमण के दौरान पुलिस केन्द्र प्रभारी व पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(10). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी प्रदीप कुमार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज (सी0डी0)/एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 263/2021 धारा 279,337,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त सुशील कुमार केशरवानी पुत्र गोविन्द निवासी तीर्थराजपुरी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा तथा 2000/- रुपये के अर्थ से दण्डित किया गया।

(11). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अबरार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी श्री बृजमोहन द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय सिविल जज (सी0डी0) श्री सूर्यकान्तधर दुबे द्वारा थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 145/2021 धारा 13 जुआ अधिनियम के आरोपी अभियुक्त 1.राजेश कुमार पुत्र भइयालाल 2.रज्जन प्रसाद पुत्र इन्द्रपाल 3.कालीचरण पुत्र शिवचरन निवासीगण दुबारी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 100-100/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।